सप्तदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-17.03.2022 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री गुंजेश्वर साह, स०वि०स० श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स० श्री रामविलास कामत, स०वि०स० श्री विनय कुमार चौधरी, स०वि०स० श्री अवधेश सिंह, स०वि०स०	"सहरसा जिला अंतर्गत प्रखंड सत्तर कटैया के सत्तर पंचायत में कैंसर रोग फैल गया है । पूरे प्रखंड के पंचायत सत्तर कटैया, विजलपुर, पटोरी, बिहरा, रकिया एवं अन्य पंचायत में लगभग 700 लोग कैंसर रोग से मर गये हैं और इतने ही संख्या में गंभीर रूप से पीड़ित हैं । ये सभी लोग मजदूर वर्ग के हैं । एम्स के द्वारा 300 लोगों की जांच हुई जिसमें 126 लोग कैंसर से पीड़ित पाए गये । टाटा मेमोरियल अस्पताल के द्वारा भी 100 लोगों की जांच हुई, जिसमें 53 लोग कैंसर से पीड़ित पाये गये । पूरे प्रखंड के सभी लोग त्राहिमाम कर रहे हैं । अतएव जनहित में सत्तर कटैया प्रखंड के सभी पंचायत के मजदूर वर्ग के लोगों की जांच कराकर कैंसर से पीड़ित मरीजों के इलाज हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए उक्त प्रखंड में कैंसर अस्पताल का निर्माण कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	स्वास्थ्य

2. श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स० श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, स०वि०स० श्री ललन कुमार, स०वि०स० श्री प्रणव कुमार, स०वि०स० श्री सुनील मणि तिवारी, स०वि०स० श्री राम सिंह, स०वि०स०	"राज्य में पथ निर्माण विभाग के पथों का रख-रखाव OPRMC एवं CMBD योजना के तहत किया जाना है । OPRMC के तहत पथ के मरम्मति की शिकायत पर 48 घंटों के अंदर पथ को दुरूस्त करने का एकरारनामा संबंधित संवेदकों के साथ है । पथ प्रमंडल, ढ़ाका / मोतिहारी अन्तर्गत मोतिहारी से बेलवा घाट, ढ़ाका से घोड़ासहन, पचपकड़ी से गुरहेनवा, पुरनहिया से झरौखर तथा ढ़ाका से फुलवरिया पथों की स्थिति बेहद जर्जर है । लगातार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है । अतएव पथ प्रमंडल, मोतिहारी / ढ़ाका सहित राज्य में OPRMC एवं CMBD के तहत पथों के रख-रखाव में असफल संवेदकों को Black List करने तथा दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए वैसे पथों का अन्य एजेन्सी से कार्य कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	पथ निर्माण

शैलेन्द्र सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-13/2022- 1335 / वि०स०, पटना, दिनांक- 16 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16.3.2022
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-13/2022- 1335 / वि०स०, पटना, दिनांक- 16 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16.3.2022
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-13/2022- 1335 / वि०स०, पटना, दिनांक- 16 मार्च, 2022 ई० ।

प्रतिः- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

16.3.2022

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-13/2022- 1335 / वि०स०, पटना, दिनांक- 16 मार्च, 2022 ई० ।

प्रतिः- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सचिव एवं संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

16.3.2022

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

16/3/22